नव भारत
इंदौर 65 वां वर्ष संस्करण



5 नेशनल हेराल्ड : कांग्रेस भाजपा में वार पलटवार



6 सोशल मीडिया के प्रदूषण से संसद भी घबराई



7 एसबीआई ने वाहन ऋण में की कटौती



8 डेम्बेले और बोनमती को फीफा प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार

# मोदी को सर्वोच्च सम्मान

## भारत और इथियोपिया विकासशील देशों की आवाज करें बुलंद : मोदी

**अदीस अबाबा, 17 दिसंबर (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत और इथियोपिया को प्राचीन ज्ञान और आधुनिक आकांक्षाओं का संगम बताया. उन्होंने कहा है कि दोनों देशों को विकासशील देशों की आवाज को वैश्विक स्तर पर और बुलंद करने के लिए एकजुट होकर प्रयास करना होगा.**

मोदी ने इथियोपिया की दो दिन की यात्रा के अंतिम दिन बुधवार को यहां इथियोपियाई संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया. यह दुनिया की 18वीं संसद है, जहां प्रधानमंत्री मोदी ने भाषण दिया. पीएम ने अवसर को गौरवपूर्ण बताते हुए कहा , लोकतंत्र के इस मंदिर के माध्यम से वह इथियोपिया के आम नागरिकों, किसानों, उद्यमियों, महिलाओं और युवाओं से संवाद कर रहे हैं, जो देश का भविष्य गढ़ रहे हैं. प्रधानमंत्री ने उन्हें इथियोपिया का सर्वोच्च सम्मान ग्रेट ऑनर निशान ऑफ इथियोपिया प्रदान करने पर आभार व्यक्त किया.



### भारत और इथियोपिया के बीच आठ समझौते

- रणनीतिक साझेदारी बढ़ाना
- सीमा शुल्क सहयोग और प्रशासनिक सहायता
- इथियोपिया के विदेश मंत्रालय में डेटा सेंटर बनाना
- यूएन शांति अभियान ट्रेनिंग में मदद
- इथियोपिया को कर्ज में राहत
- स्कॉलरशिप दोगुनी करना
- इथियोपिया स्टूडेंट्स के लिए एआई कोर्स
- महात्मा गांधी अस्पताल को बेहतर बनाने में मदद

**ओमान में पीएम मोदी का स्वागत :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इथियोपिया के बाद 2 दिन के दौरे पर ओमान पहुंचे हैं। एयरपोर्ट पर उनका औपचारिक स्वागत किया गया। इसके बाद पीएम ने ओमान के रक्षा मामलों के उप प्रधानमंत्री सैयद शिहाब बिन तारिक अल सईद से मुलाकात की।

### एक नजर में



#### लूथरा ब्रदर्स को 5 दिनों की पुलिस कस्टडी में भेजा

**पणजी.** उत्तरी गोवा की एक अदालत ने बुधवार को बर्च बाय रोमियो लेन नाइटक्लब के सह-मालिक गौरव और सौरभ लूथरा को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया।6 दिसंबर को हुए अग्निकांड में 25 लोगों की मौत के सिलसिले में थाईलैंड से प्रत्यर्पित किए जाने के बाद दोनों भाइयों को दिल्ली से गोवा लाया गया था। उत्तरी गोवा के जिला अस्पताल में दो बार स्वास्थ्य जांच कराने के बाद उन्हें अदालत में पेश किया गया। मापुसा की प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट पूजा सरदेसाई ने दोनों भाइयों को दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। रिपोर्ट के मुताबिक, सौरभ और गौरव, बर्च क्लब के अलावा अन्य 42 कंपनियों से भी जुड़े हैं, जिनमें कई सिर्फ कागज पर मौजूद हैं।ये सभी कंपनियां दिल्ली में एक ही पते (2590, ग्राउंड फ्लोर, हडसन लाइन, नार्थ वेस्ट दिल्ली) पर रजिस्टर्ड हैं।

#### अभ्यास के लिए भारतीय दल अबू धाबी रवाना

**नई दिल्ली.** भारतीय सेना का एक दल संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के लिए रवाना हो गया है। यूएई में यह भारतीय सैन्य दल संयुक्त सैन्य अभ्यास 'डिजर्ट साइक्लोन-2' का हिस्सा बनेगा। दोनों देशों की सेनाओं का यह संयुक्त सैन्य अभ्यास 18 दिसंबर से शुरू होने जा रहा है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह महत्वपूर्ण सैन्य अभ्यास 30 दिसंबर तक अबू धाबी में आयोजित किया जाएगा। लगभग दो सप्ताह तक चलने वाले इस अभ्यास के दौरान दोनों देशों के सैनिक निर्मित क्षेत्रों में युद्धाभ्यास करेंगे। हेलिबोर्न ऑपरेशंस किए जाएंगे। इन ऑपरेशन के दौरान हेलिकॉप्टर से आतंकवादी क्षेत्रों में प्रवेश, राहत एवं बचाव का अभ्यास किया जाएगा। इस अभियान में विस्तृत मिशन योजना निर्माण जैसे विविध सामरिक अभ्यासों पर संयुक्त प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## दिल्ली बॉर्डर के 9 टोल प्लाजा बंद करें : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, 17 दिसंबर.** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली -एनसीआर में वायु प्रदूषण के गंभीर स्तर पर चिंता जताई. सुको ने एनएचएआई और एमसीडी से कहा कि वे राष्ट्रीय राजधानी की सीमा पर स्थित 9 टोल प्लाजा को अस्थाई रूप से बंद करने या स्थानांतरित करने पर विचार करें, जिससे शहर में यातायात भीड़ में कमी लाई जा सके. शीर्ष अदालत ने वायु प्रदूषण के संकट को हर साल सामने आने वाली समस्या करार दिया और इस खतरे से निपटने के लिए कारगर एवं व्यावहारिक समाधानों पर विचार करने को कहा. हालांकि, न्यायालय ने नर्सरी से कक्षा पांच तक के छात्रों के लिए स्कूल बंद करने के दिल्ली सरकार के निर्देश में दखल देने से इनकार कर दिया. उसने कहा कि सर्दी की छुट्टियां शुरू होने वाली हैं, ऐसे में इस फैसले में किसी बदलाव की जरूरत नहीं है. प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने राष्ट्रीय राजधानी की सीमाओं पर वाहनों की भीड़ को कम करने की कोशिश के तहत एनएचएआई और दिल्ली एमसीडी को निर्देश दिया कि वे दिल्ली के प्रवेश बिंदुओं पर स्थित नौ टोल प्लाजा को अस्थायी रूप से बंद करने या स्थानांतरित करने पर विचार करें.

# लोकसभा में परमाणु ऊर्जा से जुड़ा शांति बिल पास

**परमाणु ऊर्जा राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने दी स्वीकृति**

**विपक्ष ने किया विरोध और वॉकआउट**

**नई दिल्ली, 17 दिसंबर. लोकसभा ने 'भारत के रुपांतरण के लिए नाभिकीय ऊर्जा का संधारणीय दोहन और अभिवर्द्धन (SHANTI) विधेयक, 2025' को मंजूरी दे दी. परमाणु ऊर्जा से जुड़ा सतत परमाणु ऊर्जा दोहन एवं विकास, परिवर्तनकारी भारत शांति बिल ध्वनिमत से पास हो गया. सरकार ने इसे संसदीय समिति को भेजने की सिफारिश को नामंजूर कर दिया.**

विपक्षी सांसदों ने सरकार द्वारा पेश किए गए परमाणु ऊर्जा विधेयक को व्यापक विचार-विमर्श के लिए संसदीय समिति को भेजने की पुरजोर वकालत की, जबकि सत्ताधारी गठबंधन के सदस्यों ने इस विधेयक का पूरी तरह समर्थन करते हुए कहा कि यह देश को ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनाने में सहायक सिद्ध होगा. परमाणु ऊर्जा राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह द्वारा विधेयक पर चर्चा का जवाब दिए जाने के बाद सदन ने विपक्ष के संशोधनों को खारिज करते हुए इसे ध्वनिमत से स्वीकृति दे दी.



#### वीबी-जी राम जी बिल पर चर्चा

लोकसभा में बुधवार को विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी (वीबी-जी राम जी) बिल, 2025' पर चर्चा हुई। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विपक्ष से आग्रह है वह चर्चा के बाद उनका जवाब पूरा सुने। उन्होंने कहा कि इस बिल में गांवों में हर साल रोजगार 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन करने की गारंटी दी गई है।यह बिल गांवों को गरीबी मुक्त बनाएगा।

# 7-सिस्टर्स पर विवादित बयान के बीच भारत सख्त

- बांग्लादेश के उच्चायुक्त को किया तलब
- ढाका में वीजा एप्लीकेशन सेंटर किया बंद

**नई दिल्ली, 17 दिसंबर. भारत ने बुधवार को ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई है. इस कारण बांग्लादेश के उच्चायुक्त एम. रियाज हमीदुल्लाह को तलब किया. यह मामला ऐसे समय सामने आया है जब एक दिन पहले बांग्लादेश में एक नेता ने भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों सेवन सिस्टर्स को अलग-थलग करने की धमकी दी थी.**

इस बयान के बाद भारत की चिंताएं और बढ़ गई हैं, खासकर अपने राजनयिक मिशनों और वहां काम करने वाले अधिकारियों की सुरक्षा को लेकर खतरा बढ़ गया है. इसी बीच, ढाका में भारतीय वीजा एप्लीकेशन सेंटर को भी बुधवार दोपहर 2 बजे से बंद कर दिया गया.

इधर, जुलाई ओइक्या के बैनर तले लोगों के एक समूह को बुधवार दोपहर ढाका के गुलशन इलाके में भारतीय उच्चायोग की ओर मार्च करते समय पुलिस ने रोक दिया. भारतीय उच्चायोग से करीब एक किलोमीटर पहले तो पुलिस ने बैरिकेड लगाकर प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोक दिया. इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड तोड़ने की कोशिश की, लेकिन आगे उन्हें और कड़ी पुलिस नाकेबंदी का सामना करना पड़ा.

## लॉरेंस बिश्नोई गैंग के 5 शूटर अरेस्ट


**नई दिल्ली, 17 दिसंबर.** लॉरेंस बिश्नोई गैंग और उससे जुड़े आरजू-अनमोल बिश्नोई और हैरी बॉक्सर सिंडिकेट को पुलिस की कार्रवाई से बड़ा झटका लगा है. गैंग से जुड़े पांच शूटरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. ये आरोपी पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में वांटेड थे और इसी साल 2025 में हुए तीन बड़े हत्याकांड में इनकी सीधी भूमिका सामने आई है. सबसे सनसनीखेज मामला 1 दिसंबर 2025 को चंडीगढ़ के सेक्टर-26 टिंबर मार्केट में हुई इंद्रप्रीत सिंह उर्फ पैरी की हत्या का है. शादी के कुछ ही दिनों बाद पैरी की कार पर करीब 11 राउंड फायरिंग की गई थी. जांच में सामने आया कि पियूष पिपलानी और अंकुश मुख्य शूटर थे, जबकि अन्य आरोपियों ने वाहन, हथियार, सिम कार्ड और ठिकाने मुहैया कराए थे.

# पिकअप में आग से तीन जिंदा जले

## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर दर्दनाक हादसा, सागर निवासी हैं दो मृतक

**नई दिल्ली, 17 दिसंबर. राजस्थान के अलवर में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर बुधवार तड़के दर्दनाक सड़क हादसा हुआ. इस हादसे में पिकअप सवार तीन लोग जिंदा जलकर मर गए. वहीं, चालक गंभीर रूप से घायल है, जिसका उपचार जारी है.**

पुलिस के अनुसार, दिल्ली से जयपुर की ओर जा रही तेज रफ्तार पिकअप एक दूसरे वाहन से टकरा गई. इस दौरान पिकअप में आग लग गई. आग लगने के कारण पिकअप सवार तीन लोगों की जिंदा जलकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. आग इतनी भयावह लगी की पिकअप सवार लोगों को बाहर निकलने तक का मौका नहीं मिला. पिकअप सवार तीनों



मृतकों की पहचान मोहित निवासी बहादुरगढ़ (हरियाणा), दीपेंद्र निवासी सागर (मध्यप्रदेश) और पदम निवासी सागर (मध्यप्रदेश) के रूप में हुई है. वहीं, घाटल पिकअप ड्राइवर की पहचान हन्नी निवासी झज्जर (हरियाणा) के रूप में हुई है. सूचना मिलते ही मौके पर रैणी पुलिस पहुंची और शवों को रैणी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया. पिकअप वाहन के नंबरों से जानकारी मिलने पर वाहन झज्जर (हरियाणा) का पाया गया, जिसके बाद पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों को सूचना दी गई.

## कबड्डी खिलाड़ी का हत्यारा मुठभेड़ में ढेर

**मोहाली, 17 दिसंबर (वार्ता)** पंजाब के कबड्डी खिलाड़ी-सह-प्रमोटर कंवर दिग्विजय सिंह उर्फ राणा बालाचौरिया का हत्यारा शूटर हरपिंदर सिंह उर्फ मिड्डू बुधवार को पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में घायल हो गया. यह मुठभेड़ मोहाली में लालडू के नजदीक अंबाला राजमार्ग पर हुई थी. मुठभेड़ में दो पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है. पंजाब पुलिस ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में कार्रवाई की जानकारी दी. बताया कि मोहाली में हाइवे पर शूटर मिड्डू को पुलिस ने घेरा था. पुलिस को देख उसने पिस्टल से पुलिस पर फायरिंग कर दी, जिससे 2 पुलिसवाले जख्मी हो गए. पुलिस की जवाबी फायरिंग में गोली लगने से उसकी मौत हो गई.

# ट्रंप ने सात और देशों की नागरिकता प्रक्रिया रोकी



**फिलस्तीनियों पर पूर्ण यात्रा प्रतिबंध**

**वाशिंगटन, 17 दिसंबर. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सात और देशों के साथ-साथ फिलस्तीनियों पर पूर्ण यात्रा प्रतिबंध लगा दिए हैं. उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा और वेटिंग प्रक्रिया में कमियों का हवाला देते हुए अमेरिका में प्रवेश पर लगे यात्रा प्रतिबंधों का विस्तार किया है.**

यह कदम उनके पहले कार्यकाल की नीतियों की बहाली का हिस्सा है और हाल की सुरक्षा घटनाओं के बाद लिया गया. व्हाइट हाउस की एक घोषणा में कहा गया है कि वह संयुक्त राज्य अमेरिका में ऐसे विदेशियों को भी रोकना चाहता है जो हमारी संस्कृति, सरकार, संस्थानों या संस्थापक सिद्धांतों को कमजोर या अस्थिर कर सकते हैं. ट्रंप का यह कदम सीरिया में दो अमेरिकी सैनिकों और एक नागरिक की मौत के कुछ दिनों बाद आया है, जिसे ट्रंप ने लंबे समय तक शासक रहे बशर अल-असद के पतन के बाद से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पुनर्स्थापित करने के प्रयास किए हैं. सीरियाई अधिकारियों ने कहा कि अपराधी सुरक्षा बलों का एक सदस्य था जिसे चरमपंथी इस्लामी विचारों के कारण बर्खास्त किया जाना था. व्हाइट हाउस ने कहा कि ट्रंप जो लंबे समय से आव्रजन को प्रतिबंधित करने के लिए अभियान चला रहे हैं और लगातार कड़े शब्दों में बोल रहे हैं.

> ट्रंप प्रशासन ने पहले ही अनौपचारिक रूप से फलस्तीनी प्राधिकरण पासपोर्ट धारकों की यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया था, क्योंकि वह फ्रांस और ब्रिटेन सहित अन्य प्रमुख पश्चिमी देशों द्वारा फलस्तीनी राज्य को मान्यता देने के खिलाफ इजरायल के साथ एकजुटता दिखा रहा था।

